दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

वर्षः- 04
अंकः-169
मुरादाबाद
(Wednesday)
09 October 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## नवरात्री छठा स्वरूप

### कात्यायनी



**चन्द्रहासोज्वलकरा शाईलवरवाहना। कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।**

मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोद्य फलदायिनी हैं। दुर्गा पूजा के छठे दिन इनके स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। भक्त को सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। इनका साधक इस लोक में रहते हुए भी अलौकिक तेज से युक्त होता है।

## चुनावी नतीजे के बाद BJP मुख्यालय में जश्न, नड्डा बोले- PM के नेतृत्व में मिली जीत



हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। रुझानों में हरियाणा में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। इसके साथ ही हरियाणा में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को तैयार है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसलिए भी नजर है क्योंकि ये नतीजे आगामी राज्यों के चुनाव पर भी असर डाल सकते हैं।भाजपा मुख्यालय पहुंचने के बाद पीएम मोदी का अभिनंदन, राजनाथ, शाह और नड्डा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद- भाजपा मुख्यालय पहुंचने के बाद पीएम मोदी का अभिनंदन किया गया। मंच पर रक्षा मंत्री राजनाथ, गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा मौजूद रहे। भाजपा मुख्यालय में सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। हरियाणा की जीत के बाद पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा ने जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में मिली है। कल आपने प्रथम प्रधान सेवक के रूप में 23 वर्षो तक भारत के जनता की सेवा ही है। इसका ही नतीजा है कि हम हरियाणा में ये जीत हासिल कर सके हैं। इससे ये साबित हुआ कि मोदी है तो मुमकिन है और ये ही मोदी की गारंटी है।हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत से भाजपा की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंच गए हैं। वह कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देंगे। साथ ही उनको संबोधित करेंगे।केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा मुख्यालय पहुंच गए हैं। वह यहां भाजपा की जीत के जश्न में शामिल होंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी चुनाव प्रभारी राम माधव ने कहा कि यह बीजेपी के लिए सफल दिन है। एक तरफ हमारी पार्टी ने हरियाणा में जीत दर्ज की है और जम्मू-कश्मीर में हमने लगभग अधिकतर सीटें जीती हैं। जम्मू में जहां तक सरकार बनाने की बात है, संख्याएं एनसी और कांग्रेस के पक्ष में हैं। हम एनसी को बधाई देते हैं और कांग्रेस ने उनका समर्थन किया है। हम उन्हें बधाई देते हैं। चुनावी जीत से भाजपा में उत्साह का माहौल है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी मुख्यालय पहुंचे हैं। उनका कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। साथ ही जीत की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है। इसी का नतीजा है कि भाजपा को हरियाणा में यह ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी को एक बार फिर स्पष्ट बहुमत देने के लिए मैं हरियाणा की जनशक्ति को नमन करता हूं। यह विकास और सुशासन की राजनीति की जीत है। मैं यहां के लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। इस महाविजय के लिए अथक परिश्रम और पूरे समर्पण भाव से काम करने वाले अपने सभी कार्यकर्ता साथियों को भी मेरी बहुत-बहुत बधाई! आपने ना केवल राज्य की जनता-जनार्दन की भरपूर सेवा की है, बल्कि विकास के हमारे एजेंडे को भी उन तक पहुंचाया है। इसी का नतीजा है कि भाजपा को हरियाणा में यह ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी। हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए बधाई देता हूं। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा जम्मू-कश्मीर के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पित है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त बनाकर देश के अन्य हिस्सों की तरह इसे विकसित बनाना भाजपा की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भाजपा की जीत पर सीएम योगी ने दी बधाई, बोले- ये जनता के विश्वास की मुहर है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ता व नेताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की शक्ति पर जनता के विश्वास की मुहर है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता जनार्दन के विश्वास की मुहर है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के मंगलवार को घोषित नतीजों में भाजपा को बहुमत मिलने पर सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व मतदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित है। उन्होंने राष्ट्र प्रथम भाव से ओतप्रोत भाजपा को पुनः सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए हरियाणा की जनता का हार्दिक अभिनंदन किया है।हरियाणा विधान सभा चुनाव-2024 में @BJPyHaryana को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! विकसित हरियाणा-विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी की लोक-कल्याणकारीज



## आरजी कर अस्पताल के 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने दिया इस्तीफा, आंदोलनकारियों के साथ दिखाई एकजुटता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के करीब पचास वरिष्ठ डॉक्टरों ने आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता जताते हुए पद से इस्तीफा दे दिया है। एक बैठक में डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा का फैसला लिया। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के करीब पचास वरिष्ठ डॉक्टरों ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन डॉक्टरों ने यह कदम जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता जताने के लिए उठाया है। जूनियर डॉक्टर एक महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के मामले में न्याय की मांग करते हुए अनशन पर हैं। स्वास्थ्य संकाय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। इन वरिष्ठ डॉक्टरो ने यह फैसला अस्पताल के विभिन्न विभागों के प्रमुखों की एक बैठक में लिया। एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया, हमारे अस्पताल के सभी 50 वरिष्ठ डॉक्टरों ने आज की बैठक में सामूहिक रूप से इस्तीफे पर हस्ताक्षर करने का फैसला किया। यह कदम उन युवा डॉक्टरों के प्रति हमारी एकजुटता का प्रतीक है, जो एक जरूरी मुद्दे के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर भी आरजी कर अस्पताल के अपने सहयोगियों के नक्शेकदम पर चलने पर विचार कर रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों ने महिला डॉक्टर के मामले में न्याय की मांग के साथ-साथ स्वास्थ्य प्रणाली में भ्रष्टाचार के खिलाफ भी आवाज उठाई है। चार दिन से आमरण अनशन पर जूनियर डॉक्टर- इन वरिष्ठ डॉक्टरों की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि जूनियर डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से आमरण अनशन पर हैं, लेकिन मुद्दे को हल रने के लिए किसी उपयुक्त प्राधिकारी की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इन डॉक्टरों ने आमरण अनशन पर बैठे लोगों की स्वास्थ्य स्थिति पर भी चिंता जताई और कहा कि वे परिसर में लोकतंत्र और मरीजों के अनुकूल प्रणाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बयान में कहा गया, इस स्थिति में हम एकजुट होकर उनके साथ खड़े रहेंगे।




## बृजभूषण ने विनेश पर कसा तंज, 'वो खुद तो जीत गईं पर कांग्रेस को डुबो दिया... जहां जाएंगी सत्यानाश करेंगी'

भाजपा के पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने विनेश फोगाट को लेकर कहा कि वह जहां भी जाएंगी सत्यानाश करेंगी। वो खुद तो जीत गईं पर कांग्रेस का सत्यानाश कर दिया।भाजपा नेता व पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। इस दौरान उन्होंने महिला पहलवान विनेश फोगाट की जीत को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, %अगर वो मेरा नाम लेकर जीत गईं तो इसका मतलब हुआ कि मैं बड़ा महान आदमी हूं। उन्होंने कहा कि वो खुद तो जीत गईं पर कांग्रेस को तो डुबा दिया। वो जहां भी जाएंगी सत्यानाश करेंगी%।उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की जीत से किसान आंदोलन और पहलवानों के आंदोलन के सहारे जो माहौल बनाया गया उसकी पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जाट बाहुल्य क्षेत्र में भी जीत हासिल की है। बृजभूषण ने कहा कि आंदोलन में जो पहलवान शामिल हुए थे वो हरियाणा के नायक नहीं बल्कि अपने जूनियर के लिए खलनायक थे।बता दें कि हरियाणा को लेकर आए एग्जिट पोल के सभी अनुमानों में कांग्रेस को जीतते हुए दिखाया गया था पर भाजपा की जीत से चुनाव विश्लेषक भी हैरान हैं। यह तीसरी बार होगा जब हरियाणा में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनेगी। 2019 के चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिल पाया था पर इस बार भाजपा ने अपने दम पर बहुमत प्राप्त कर लिया है। सीएम योगी ने इस तरह दी बधाई- हरियाणा चुनाव में जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बधाई दी। उन्होंने एक्स पर कहा कि हरियाणा विधान सभा चुनाव-2024 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई! %विकसित हरियाणा-विकसित भारत% की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर हरियाणा की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है। %राष्ट्र प्रथम% भाव से ओतप्रोत भाजपा को पुनः सेवा का सौभाग्य प्रदान करने के लिए सभी हरियाणावासियों का हार्दिक अभिनंदन!




## पॉक्सो मामले को लेकर येदियुरप्पा पर क्यों नहीं करते कार्रवाई? मंत्री गुंडू राव ने BJP से पूछा सवाल

कर्नाटक के मंत्री दिनेश गुंडू राव ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों के मामले को लेकर कार्रवाई नहीं कर रही है, जबकि जानी मास्टर के मामले में केंद्र ने उचित कदम उठाया है। उन्होंने सवाल किया कि जब येदियुरप्पा पर गंभीर आरोप हैं, तो भाजपा उन्हें क्यों नहीं हटाती।कर्नाटक के मंत्री दिनेश गुंडू राव ने मंगलवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस.येदियुरप्पा के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों के यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण ( पॉक्सो ) अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। %जानी मास्टर के मामले में केंद्र का सराहनीय फैसला% गुंडू राव ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरियोग्राफर जानी मास्टर से राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वापस लेकर एक सराहनीय कदम उठाया है, क्योंकि उन पर पॉक्सो कानून के तहत अपराध का आरोप है। उन्होंने कहा, जिस किसी के खिलाफ भी यौन उत्पीड़न या छेड़छाड़ के मामले में मुकदमे चल रहे हैं, उन्हें सम्मानित नहीं किया जाना चाहिए। यह केंद्र सरकार का अच्छा फैसला है। हालांकि, मंत्री ने यह भी कहा कि भाजपा ने येदियुरप्पा के मामले में एक जैसा मानदंड नहीं अपनाया है। उन्होंने कहा, मेरा सवाल बी.एस. येदियुरप्पा को लेकर है, जो पॉक्सो कानून के तहत मुकदमे का सामना कर रहे हैं। राव ने कहा, प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपराध जांच विभाग ( सीआईडी ) मामले की जांच कर रही है और अब अदालत में मुकदमा चलने वाला है। भाजपा येदियुरप्पा के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, उन पर एक सत्रह वर्षीय नाबालिग का यौन उत्पीड़न करने का गंभीर आरोप है।



## संपादकीय Editorial

### Election of change in Haryana

This round of elections will be completed with the voting in Haryana on Saturday, October 5. Voting has already taken place in Jammu and Kashmir, which was historic and peaceful. Now the mandate of both will be made public on October 8. These mandates are very important for the continuity of Prime Minister Modi's power and the dominance of the BJP. Assembly elections are to be held in Maharashtra and Jharkhand after Diwali. Jammu and Kashmir is ruled by the Central Government through the Lieutenant Governor. Now it is a Union Territory, where elections have been held after 2014. BJP has been in power in Haryana since 2014. In these 10 years, the political and electoral equations have completely changed. Believing in the leadership of Prime Minister Modi, the support and votes that the Jat, Dalit, OBC communities had given in favor of the BJP in the 2014 and 2019 elections have now completely reversed by the 2024 Lok Sabha elections. This support and voting have reduced to almost half. Jats are the most populous community in Haryana at more than 25 per cent, while Dalits constitute 21 per cent of the population. They are the most powerful community that can determine the direction and condition of the mandate of Haryana. Apart from them, no other community is so united. It is a surprising fact that there has been no Jat Chief Minister in Haryana in these 10 years. Although in 2019, BJP formed the government in alliance with 'Jananayak Janata Party' (JJP), so JJP leader Dushyant Chautala was made the Deputy Chief Minister, but he was only a 'symbolic representative' of the Jats. This time the Jats are in the mood to make their own Chief Minister. BJP's current Chief Minister Nayab Singh Saini is an OBC leader, so most of the Jat community will be against the BJP. Since farmers, soldiers (Agniveers) and wrestlers have been the basic issues of these elections and these three areas are close to the Jats. More than 70 per cent of Jats work in agriculture. In this way, any electoral polarization that will happen can be anti-BJP. Apart from these, unemployment, anti-incumbency, caste equations and divisions, pensions etc. are such issues which will definitely affect the elections in Haryana. Unemployment is a very provocative and frenzied issue in Haryana. Not only are 2 lakh government jobs vacant in the state, but political parties are giving assurances. Both BJP and Congress have announced many 'freebie' schemes to win the elections and advertisements are also running day and night on TV channels. Perhaps the average voter of Haryana is unaware of the fact that the state has a debt of more than Rs 2.70 lakh crore. To whom will the government distribute thousands of rupees for free after the elections? Where will the money come from for freebies? Of course, the government also has social responsibilities. It has to help the downtrodden and handicapped sections. Will the state government beg from the Government of India with a bowl in its hand and distribute freebies? This is not positive and practical for the country's economy either. We feel that the announcements of 'freebies' are merely 'election greed'. Examples of what happens after winning elections are the Congress governments in Telangana, Karnataka and Himachal Pradesh or after the general elections, Muslim women knocking on the doors of Congress offices demanding 'Khatakhat ka paisa'. Congress has promised in its manifesto that farmers will be given a legal guarantee of minimum support price and crops will be purchased on that. On the other hand, BJP has promised to purchase 24 crops on MSP. INLD, Aam Aadmi Party, JJP are also in the fray, but change is possible.

# The worry of breaking class unity is unjustified, this process is already implemented in 12 states

After independence in India, various political parties took steps to implement the system of sub-categorization to weaken the roots of caste structure and to reach the last man with a system like reservation for the participation of deprived sections. The first step in Uttar Pradesh was taken by the then Chief Minister Hemvati Nandan Bahuguna by forming Chhedi Lal Sathi Commission in 1975. The Supreme Court has once again put its seal of approval on the decision allowing reservation within quota i.e. reservation within reservation. The court has rejected more than two dozen review petitions filed against its decision allowing sub-categorization of SC-ST. The court has said that there is no such flaw in the decision, for which the decision needs to be reconsidered. In its 6-1 majority verdict on August 1, a seven-member bench of the Supreme Court had said that in order to provide reservation benefits to the more needy SC-ST class, states can make sub-classification in the SC-ST class, so that more reservation can be ensured for some backward and SC, ST groups in comparison to others in government jobs and educational institutions. Many political parties are still not able to come to a consensus on this decision of the Supreme Court. They feel that this is a threat to class unity, which will weaken the reservation system. If seen, their concern about breaking of class unity does not refer to reality. If sub-classification had threatened class unity and consciousness, then class division would have been visible by now in the twelve states in which the process of sub-classification of reservation is already in force, whereas sub-classification of reservation has strengthened class unity in those twelve states, not weakened it. The states that have done the classification include both North India and South India. North India mainly includes Bihar in which Karpoori Thakur first propounded the principle of sub-classification in the year 1978, while Nitish Kumar succeeded in bringing the process of its empowerment on the ground. In South India, Tamil Nadu did the work of implementing the principle of sub-classification in a better way. Both these states have performed better in terms of giving equal participation to the deprived. Therefore, the arguments of breaking unity and weakening the reservation process seem beyond reality. After independence in India, various political parties took steps to implement the system of sub-classification to weaken the roots of caste structure and to reach the last man with a system like reservation for the participation of deprived sections. In Uttar Pradesh, the first step was taken by the then Chief Minister Hemvati Nandan Bahuguna by forming Chhedi Lal Sathi Commission in 1975. Karpoori Thakur and Hemvati Nandan Bahuguna were contemporaries and before Bahuguna, Mungerilal Commission was formed in Bihar. The Sathi Commission divided the backward classes of Uttar Pradesh into three categories, recommending a total reservation of 29.5 percent. The commission recommended 17 percent reservation for landless and unskilled labourers in the first category, 10 percent for artisans and farmers in the second category and 2.5 percent for Muslim backward classes in the third category, but due to many reasons the Bahuguna government could not implement these recommendations. Rajnath Singh, who was the Chief Minister of Uttar Pradesh, formed the Social Justice Committee under the chairmanship of Hukum Singh in 2001. The main purpose of its formation was to examine the benefits of reservation. The committee stated in its report that the benefits of reservation have not reached those for whom it was intended. It recommended sub-classifying the list of scheduled and backward classes, so that the most deprived sections can also avail the benefits of reservation. The committee suggested dividing the reservation of backward classes into three categories. It recommended five percent reservation for the first category, nine percent for eight most backward castes included in the second category, and 14 percent reservation for 70 most backward castes included in the third category. There was a lot of controversy over this. Ultimately, these recommendations could not be implemented either. Actually, the most backward class is a diverse group of majority castes, which includes artisans, weavers, labourers, fishermen, dancing and singing castes and gardening castes etc. These castes have not been able to come under the reservation system even today. All these castes are castes that provide personal services and own minimum land. Some of these castes are also such castes that face social discrimination like untouchability. Therefore, these castes are eligible to be included in the list of Scheduled Castes. The biggest vote bank of BJP is also these very backward castes who expect the government to implement the report of the Rohini Commission for their participation, but till now this report has neither been published nor implemented. Therefore, the backward vote bank seems to be disappointed with the BJP. Examples of this were seen in the recent Lok Sabha elections, where the BJP suffered a huge setback in Uttar Pradesh. If Yogi Adityanath wants to retain this vote bank in Uttar Pradesh, then he should classify the Gram Panchayat seats reserved for OBCs at the Panchayat level before the Panchayat elections to be held in the year 2026, so that the backward vote can be retained for a long time. Nitish Kumar has already done this experiment in Bihar, due to which even today the votes of the backward castes remain with him. If the vote bank of the backward castes is not retained, then the vote bank of the backward castes is not retained. If no concrete steps are taken for the upliftment of the backward classes, then this class can give rise to new socio-political debates in the future.

# Drug threat, smugglers increase their activities

The increasing drug smuggling shows that the activities of those who are increasing the consumption of drugs in the country, ruining the future of the youth and making money illegally are increasing. This activity has to be curbed on priority basis because the money earned from drug smuggling is also used in anti-national activities and strengthening terrorist organizations. After Delhi, a large consignment of drugs being recovered near Bhopal shows how drug smugglers have increased their activities. The 900 kg of drugs recovered near Bhopal were being manufactured there. This means that now along with bringing drugs from outside the country, they are also being manufactured secretly in the country. local level have come to of smuggling drugs in also increasing. A few days that were caught in Delhi The good thing is that have increased, there has recovery and arrest of success goes to Home ensured that all the and the State work Coordination among positive results, but it is not to our country on a large as well as air routes. The shows that the activity of consumption of drugs in youth and make money will have to be curbed on money earned from drug



Cases of preparing drugs at the light earlier also. Similarly, cases large quantities from outside are ago, more than 500 kg of drugs were brought from outside. while cases of drug smuggling been remarkable success in its smugglers. The credit for this Minister Amit Shah, who has concerned agencies of the Center together to curb the drug trade. various agencies has also brought right that now drugs are coming scale through land and sea routes increasing smuggling of drugs those who increase the the country, spoil the future of the illegally is increasing. This activity a priority basis, because the smuggling is also used to strengthen anti-national activities and terrorist organizations. It is not only necessary to curb the supply of drugs from other countries, but also to dismantle the network of its distribution in the country. It is not right that for some time, all kinds of drugs are reaching the border states as well as the interior areas and small cities of the country. It is clear that a conspiracy is being hatched to increase the consumption of drugs in the country. This conspiracy can be done only by making people and especially the youth addicted to drugs. Since this is happening, the society will also become conscious against drugs. It will not only have to keep an eye on the elements selling drugs at a sporadic level, but will also have to alert the youth about the ill effects of drug consumption. Drug addiction ruins people completely. It is right that a helpline named Manas has also been started to alert people about drugs, but its success will depend on how much awareness the common people show towards the purchase and sale of drugs and its consumption.

# सीओ सिविल लाइन ने आबकारी विभाग के साथ आदर्श कालोनी में दी दविश , तंग गलियों में किया पैदल गश्त

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद ।एसएसपी सतपाल अंतिल के आदेशों पर पालन करते हुए सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर सेक्टर टू जंय प्रकाश व महिला पुलिस कर्मियों के साथ आदर्श कालोनी इलाके में कल रात बड़ी दविश दी गई सीओ सिविल लाइन फोर्स के साथ आदर्श कालोनी की तंग गलियों से होते हुए एक किलोमीटर दूर मौजूद हबूड़ा बस्ती भी पहुँचे और सभी घरों में चेकिंग अभियान चलाया जहां अवैध कच्ची शराब बनाई जाती हैं। लगभग एक घन्टा तक चली इस छानबीन व दविश के दौरान सीओ सिविल लाइन को किसी घर में कोई शराब की भट्टी जलती नही पाई गई। दविश के बाद सीओ सिविल लाइन चौकी फ़क़ीरपुरा पहुँचे और चौकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार के साथ सभी पुलिस कर्मियों को आदेश दिए इलाके में कही भी अवैध शराब का काम नही होना चाहिए। इतना ही नहीं जो लोग बाहर से अन्य नशे के लिए आते हैं उनके इलाके में प्रवेश पर भी अंकुश लगना चाहिए। सीओ सिविल लाइन को आदर्श कालोनी की महिलाओं ने बताया अब उनके इलाके में अवैध शराब बनाने का काम पूरी तरह बंद कर दिया गया है। सीओ सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि आबकारी विभाग की एक टीम को 24 घन्टे निगरानी के लिए इस इलाके में लगा दिया गया है। उनके साथ देहात सेक्टर आबकारी अधिकारी भी इस दविश के दौरान मौजूद रही।




# अभाविप ने हिंदू कॉलेज के गेट पर जड़ा ताला, प्राचार्य को भी घेरा

मुरादाबाद -अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्र हित की मांगों के संबंध में मंगलवार को महानगर के हिंदू कॉलेज में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। उग्र कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला लगा लिया। स्थिति बिगड़ते देख स्कूल प्रबंधन ने मदद के लिए पुलिस से गुहार लगाई। मौके पर पुलिस पहुंच गई थी। इसके बाद छात्रों ने गेट का ताला खोला और फिर उग्र छात्रों ने नारेबाजी करते हुए प्राचार्य का घेराव कर लिया। स्थिति को देखते हुए प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत रावत ने सभी मांगे जल्द ही पूरा करने का भरोसा दिया। इसके बाद छात्र शांत हुए। करीब दो ढाई घंटे चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे में विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित हुई, करीब 300 की संख्या में छात्र आंदोलन में प्रतिभाग कर रहे थे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री पुनीत अग्रवाल, महानगर मंत्री गौरव क्षत्रिय ने बताया कि कॉलेज में शुद्ध रूप से पेयजल की व्यवस्था तक नहीं है। सेनेटरी नैपकिन के इंतजाम नहीं है। इसके अलावा अन्य कई छात्र हित में व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। जिसको लेकर वह लोग काफी दिनों से प्राचार्य को पत्राचार कर रहे थे। लेकिन मामले में सुनवाई नहीं होने पर वह सभी आंदोलन करने को विवश हुए हैं।



# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड बैठक में पास हुए कई अहम प्रस्ताव, जानिए क्या बोले कमिश्नर आन्जनेय सिंह?

मुरादाबाद - मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड बैठक कमिश्नर आन्जनेय सिंह की अध्यक्षता में एमडीए ऑफिस में हुई। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मंजूरी मिली। इसके अलावा पूर्व बोर्ड बैठक में पास कर शासन को भेजे गए कुछ प्रस्तावों को शासन से हरी झंडी मिलने के बाद अंगीकृत किया गया है। यानी बदलाव अब से लागू हो जाएंगे। आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। अभी तक होटल बनाने के लिए न्यूनतम लैंड का मानक तय था। लेकिन, अब बोर्ड में प्रस्ताव लाकर न्यूनतम लैंड की बाध्यता को खत्म किया गया है। इसके बाद 20 कमरों के होटल को 9 मीटर रोड पर भी बनाया जा सकेगा। इस बाबत पिछली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया गया था। अब शासन से निर्देश मिलने के बाद इसे अंगीकृत करके लागू कर दिया जाएगा। इसके अलावा पेट्रोल पंपों को भी इसमें बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक पेट्रोल पंप खोलने के लिए ऑयल कंपनियों के मानकों और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के मानकों में भिन्नता थी। इस भिन्नता को खत्म कर दिया गया है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण किसी पेट्रोल पंप का नक्शा पास करते समय ऑयल कंपनी के मानकों को भी ध्यान में रखेगा। ऑयल कंपनी के मानकों को भी स्वीकार किया जाएगा। ताकि लोगों को असुविधा न हो। कमिश्नर ने बताया कि इसके अलावा मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कई नई विकास योजनाएं लॉन्च करने जा रहा है। इन योजनाओं के नाम प्राधिकरण बहुत जल्द अनाउंस करेगा। कमिश्नर ने कहा कि ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई को लेकर जो शिकायतें आती हैं उन्हें और अधिक पारदर्शी बनाने पर भी प्राधिकरण काम करेगा।



# महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ कार्रवाई के लिए जमीयत उलेमा हिंद ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

मुरादाबाद -जमीयत उलेमा हिंद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर पैगंबर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने वाले महंत यति नरसिंहानंद के खिलाफ जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया कि गाजियाबाद स्थित डसना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद द्वारा बीती 3 अक्टूबर को एक जनसभा को संबोधित करते हुए पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। जिससे भारत ही नहीं पूरी दुनिया में रहने वाले मुसलमान और आम नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इससे पहले भी यति नरसिंहानंद पहले भी कई बार इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुका है। जमीयत उलेमा मांग करता है कि आरोपी यति नरसिंहानंद द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे पर एनएसए लगाई जाए। राष्ट्रपति इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए देश में ऐसे कानून की स्थापना की जाए कि यदि कोई भी व्यक्ति किसी धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करता है तो उसके खिलाफ देशद्रोह मुकदमा दर्ज होना चाहिए।



# टोल प्लाजा पर किसानों का उत्पात...कई बूम बैरियर तोड़े, जान बचाते दिखे सुरक्षा गार्ड, VIDEO सोशल मीडिया पर वायरल

## योजना बनाकर आए थे आरोपी, सोमवार को दो बार तोड़ा था बूम बैरियर

मुरादाबाद -मुरादाबाद-बरेली हाईवे पर नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर मंगलवार को भी किसान यूनियन की टोपी लगाए किसानों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान सुरक्षा में तैनात गार्ड खुद बचते नजर आए। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहे हैं। आरोपियों ने टोल प्लाजा पर आठ लेन के बूम बैरियर तोड़ दिए। इन्हें जिस कर्मचारी ने रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज भी की। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव ने तुरंत मूंढापांडे थाने में फोन किया। पुलिस को आता देख बवाल करने वाले लोग भाग गए थे। टोल प्लाजा पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक हुए बवाल के बीच बिना टैक्स अदा किए ही 60 से 70 वाहन निकल गए थे। बवाल होने की सूचना पर टोल प्रबंधन के जीएम प्रवीन जिंदल भी मौके पर पहुंचे थे। घटना सुबह 11.20 बजे की बताई जा रही है। मुरादाबाद की तरफ से आई तीन-चार कारों में सवार लोग टोल प्लाजा पर उतरे और वहां सफाई कर रहे कर्मी से उलझने लगे। मामला समझने के लिए टोल प्लाजा के अन्य कर्मी भी आ गए। इसी बीच आरोपी उग्र हो गए। स्टाफ कर्मियों से विवाद करने लगे और कुछ लोगों ने कंधे लगाकर 8 लेन के बूम बैरियर भी डैमेज कर दिए। वैसे टोल प्लाजा परिसर में 10 गार्ड थे, लेकिन वह भी आरोपियों को रोक पाने में समर्थ नहीं दिखे। आरोप है कि बूम बैरियर को सुरक्षित करने में लगे कर्मियों को आरोपियों ने मारापीटा भी है। उत्पात करने वाले लोगों की संख्या 30-40 बताई जा रही है। टोल प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि वह रामपुर की तरफ निकले थे, उन्हें स्टाफ कर्मी ने टोल प्लाजा पर विवाद की सूचना दी तो वह पहुंचे थे। स्थिति देखकर उन्होंने पुलिस को फोन किया था। उन्होंने आरोपियों को लीड करने वाले व्यक्ति का नाम भी बताया। कहा कि अधिकांश लोग हरे रंग की टोपी लगाए थे। इनकी टोपियों पर किसान यूनियन एकता दल लिखा था। उनका दावा है कि आरोपी विवाद करने वाले लोग प्री-प्लान करके आए थे। टोल प्लाजा प्रबंधक का कहना है कि बूम बैरियर क्षतिग्रस्त कर दिए जाने से 70 गाड़ियां ( 50 कार और 20 बड़े वाहन ) बिना टैक्स दिए निकल गए। इससे प्रबंधन को 20-25000 रुपये का नुकसान हुआ है। सुरक्षा इंचार्ज ने दी तहरीर- टोल प्लाजा के सुरक्षा इंचार्ज सुरेश कुमार की तरफ से तहरीर दी गई है। साथ ही साक्ष्य के तौर पर फोटोग्राफ्स और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज पुलिस को सौंपे हैं। तहरीर में कहा है कि किसान यूनियन एकता दल के नेतृत्व में शाहरुख खान अपने करीब 40 साथियों के साथ आए और सफाई कर्मी ऋषिपाल वाल्मीकि को जातिसूचक शब्द बोलते हुए गाली देने लगे। टोल प्लाजा के बूम बैरियर मशीनों को तोड़ डाला। पुलिस को ये भी बताया है कि ये आरोपी आए दिन टोल प्लाजा पर दबंगई करते हैं और गैर कानूनी तरीके से बिना टैक्स अदायगी के वाहनों को निकलवाते हैं।सोमवार को कार सवार ने दो बार तोड़ा था बूम बैरियर- मंगलवार को हुए विवाद की जड़ टोल प्लाजा प्रबंधक योगेश श्रीवास्तव सोमवार को हुई कहासुनी बताते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को एक कार ने टोल प्लाजा के बूम बैरियर को दो बार तोड़ा। सोमवार दोपहर 12.30 के समय कार ( यूपी-32-जीजेड-1500 ) पर सवार तीन लोगों ने टोल प्लाजा पर आते ही बूम बैरियर तोड़ दिया था। सफाई कर रहे कर्मी ने इनका विरोध किया तो वह लोग रुककर उससे गाली-गलौज करने लगे थे। फिर ये लोग रामपुर की ओर रवाना हो गए थे। इसके बाद उसी दिन यही कार रात 8.30 रामपुर की तरफ से टोल प्लाजा पर आई तौर बिना रुके बूम बैरियर को फिर तोड़कर निकलते चले गए थे। तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। आरोपियों को लीड करने वाला शाहरुख खान नामजद है। अन्य आरोपियों की भी पहचान की गई है। इनमें कुछ लोग शाहदुल्लापुर, कटघर व पाकबड़ा के रहने वाले हैं।- राम प्रसाद शर्मा, थानाध्यक्ष मूंढापांडे




## संक्षिप्त समाचार

### रिठौरा में भाजपा की जीत पर मिठाईयां बांटकर खुशी जताई

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा ।नगर में हरियाणा में भाजपा की जीत की खुशी में चेयरमैन प्रतिनिधि अमित गुप्ता के नेतृत्व में अशोक मार्केट में जमकर आतिशबाजी की गयी। मिठाईयां बांटकर खुशी जताई गयी।इस मौके पर लोकेश गुप्ता, मयंक पाण्डेय, मनोज कश्यप, रमेश वर्मा, अवनीश जयसवाल, सचिन मिश्रा सहित भारी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### रिठौरा से हुसैन की सरजमीं को रवाना हुए डाक्टर माजिद अली नूरी


क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। गौसे आजम की सरजमीं पर बगदाद शरीफ की यात्रा पर मंगलवार को डॉक्टर माजिद अली नूरी रवाना हुए। रवानगी से पहले न्याजशरीफ का आयोजन किया गया।भारी संख्या में मुरीद उनके आवास पर पहुंचे।बड़े पीर दस्तगीर गौशेपाक अब्दुल कादिर जिलानी की बारगाह में रवानगी से पहले दुआएं की गईं।भारी संख्या में लोगों ने उन्हें विदाई दी।इस दौरान मेराज,माहिर, मुशर्रफ,आरिफ अंसारी, इमरान खान, अब्दुल वाजिद, अब्दुल माजिद,निजामुद्दीन अंसारी,असलम अंसारी,शेर मोहम्मद रहीम खां,इशरार मंसूरी,रियासत खां सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



### चीखता रहा युवक, फिर भी युवती दौड़ा-दौड़ाकर पीटती रही, सड़क पर मची अफरा-तफरी

मुरादाबाद - छींटाकशी करने पर युवती ने बाइक सवार युवक की लात घूंसों से जमकर पीटाई की। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। एचपी गैस एजेंसी के पास बाइक सवार युवक ने युवती से फिल्मी अंदाज में छींटाकशी की। इस पर युवती ने युवक को बाइक से खींचकर बीच सड़क पर पीटना शुरू कर दिया। युवक चींखता रहा, लेकिन युवती उस युवक को दौड़ा दौड़ा कर पीटती रही। शोर सुनकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। किसी तरह युवक अपनी जान बचाकर स्टेशन रोड की ओर भागा। इस पर युवती ने एक लड़के की बाइक पर बैठकर उसका पीछा किया। फिर चमन सिलाई सेंटर के पास उसे रोककर लात घूंसों से पिटाई की। लोगों ने घटना की वीडियो बनाकर वीडियो वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार डॉट कॉम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सूचना के बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस आरोपी युवक व युवती को पकड़कर थाने ले गई। युवक का कहना था कि उसने कोई छींटाकशी नहीं की है। लेकिन वह पता पूछ रहा था। इस संबंध में देर शाम तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नगर निगम प्रशासन उदासीनता के चलते कर्मचारी कर रहे भ्रष्टाचार

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली -30 सितंबर 2024 को उक्त अवैध होटल अतिक्रमण की खबर प्रकाशित ( अन्य पेपर में ) होने के बाद 1 अक्टूबर 2024 को 9 सदस्यी नगर निगम टीम द्वारा होटल की नापजोक एवं फोटो भी लिए गए थे लेकीन हवाई आपको बताते पूरी बरेली शहर की जिस सर्वे से परेशान है शनाप बिल जनता पर सही करने के नाम पर लगवाए जाते हैं वहीं जॉन 2 के अधिकारी के बाद पर्दे के पीछे से




सिर्फ और सिर्फ हवा चलें कि जहां एक तरफ जनता नगर निगम के जिसमें संपत्ति का अनाप ठोक दिया है और बिल उनसे चक्कर पर चक्कर दूसरी तरफ नगर निगम मामला सुर्खियों में आने भ्रष्टाचार की जुगाड़ में लग गए हैं आज सुबह लगभग 10-15 बजे मंगलवार के दिन जॉन 2 राजस्व निरीक्षक की मोटरसाइकिल उक्त अवैध अतिक्रमण कर्ता होटल के नीचे खड़ी पाई गई सूत्रों की मानें तो जिसमें क्यास लगाए जा रहे हैं कि उक्त मामले में कार्रवाई नहीं करने के लिए परदे के पीछे बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है । और सबसे बड़ी हैरानी उक्त राजस्व निरीक्षक , जॉन 2 नगर निगम, बरेली की व्यक्तिगत मोटरसाइकिल पर 12 ट्रैफिक उलंघन के चालान के साथ साथ इंश्योरेंस भी नदारत है राजस्व को नुकसान भी पहुंचा जा रहा है और आज तक यातायात विभाग को खबर तक नहीं ।।

## आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णरुप से अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की गई

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

शाहजहांपुर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के आदेश एवं जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 8 अक्टूबर 2024 को जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री



के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी अधिकारी मधु तिवारी,आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 कलान द्वारा मय स्टाफ तहसील कलान की संदिग्ध दुकानों स्थानों तथा ढाबों पर दबिश दी गई। जनमानस को कच्ची अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति एवं कच्ची शराब से संबंधित सूचना देने हेतु जागरूक किया गया। आबकारी टीम द्वारा थाना मिर्जापुर अंतर्गत कंजड़ बस्ती में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 08 लीटर कच्ची शराब जब्त कर, लगभग 20 किग्रा0 लहन मौके पर नष्ट की गई। उक्त के अतिरिक्त आबकारी टीम द्वारा क्षेत्र में संचालित देशी शराब, विदेशी मदिरा एव बीयर की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण व गोपनीय रुप से टेस्ट परचेज कराया गया गया टेस्ट परचेज के दौरान मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर होते पायी गयी। क्षेत्र में संचालित फुटकर मदिरा दुकानों के अनुज्ञापी विक्रेता को शत-प्रतिशत मदिरा की बिकी पॉश मशीन के माध्यम से ही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। टीम में प्रधान आबकारी सिपाही जय प्रकाश सिंह, आबकारी सिपाही मनीष कुमार एवं अरविंद कुमार मौजूद रहे।

## हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार की वकीलों से अपील: गरीबों की पैरवी कर न्याय दिलाने का प्रयास करें

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में न्यायमूर्ति शेखर कुमार ने वकीलों को एक अनमोल संदेश दिया, जो सीधे दिल को छूने वाला था। उन्होंने अधिवक्ताओं से भावुक अपील करते हुए कहा कि वे अपनी शक्ति और करें, ताकि न्याय की रोशनी हर उस व्यक्ति तक लिए महंगा हो गया है अपने उद्बोधन में न्यायमूर्ति चीजें गरीबों के लिए कठिन हो गई हैं। ऐसे में करें, जिनके पास न्याय पाने का कोई साधन नहीं भी है। जिस तरह एक डॉक्टर का धर्म है कि वह रखने वालों के लिए खड़ा हो। जेलों में बंद न्याय की बात की, जो न्याय से वंचित हैं। हमारी जेलों चाहे छोटा हो या बड़ा, लेकिन उनका अधिकार है चाहिए। आपकी एक कोशिश उनकी जिंदगी इनाम श्री शेखर कुमार का यह भावुक संदेश उसकी आवाज उठाएंगे, तो भगवान खुद आपको चलेंगे, तो पैसा अपने आप आपकी तरफ आएगा।



ज्ञान का इस्तेमाल समाज के सबसे वंचित और गरीब तबकों की मदद के लिए पहुंचे जो उसकी उम्मीद लगाए बैठा है। न्याय, शिक्षा और इलाज गरीबों के शेखर कुमार ने कहा, आज के समय में न्याय, शिक्षा और इलाज जैसी बुनियादी वकीलों की जिम्मेदारी है कि वे अपनी क्षमता का इस्तेमाल उन लोगों के लिए है। गरीब की पैरवी करना केवल एक पेशेवर कर्तव्य नहीं, बल्कि मानवीय धर्म रोगी की जान बचाए, उसी तरह अधिवक्ता का धर्म है कि वह न्याय की उम्मीद से वंचित लोगों की मदद का आह्वान न्यायमूर्ति शेखर ने जेलों में बंद उन लोगों में बहुत से लोग ऐसे हैं, जिन्हें कानूनी मदद नहीं मिल पाती। उनका अपराध कि उन्हें न्याय मिले। वकीलों को उनके पास जाकर उनकी आवाज बननी बदल सकती है। उनकी मदद करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं। भगवान खुद देगा वकीलों के दिलों तक पहुंचा, जब उन्होंने कहा, आप गरीब की मदद करेंगे, इनाम देगा। धन कमाने के पीछे न भागें, क्योंकि अगर आप सही रास्ते पर जरूरतमंद की मदद करके जो संतोष मिलेगा, वह किसी भी दौलत से बढ़कर होगा। बेंच और बार के बीच सामंजस्य की सलाह न्यायमूर्ति शेखर कुमार ने वकीलों को यह भी सलाह दी कि वे बेंच के साथ टकराव न करें, बल्कि सामंजस्य बनाए रखें। न्याय प्रक्रिया में बेंच और बार का संबंध बहुत महत्वपूर्ण है। आपस में सहयोग करके ही हम न्याय को और प्रभावी बना सकते हैं। टकराव की बजाय समझ और सामंजस्य से न सिर्फ आपका ज्ञान बढ़ेगा, बल्कि समाज का भी भला होगा। न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज के अभिन्न अंग हैं, दोनों को मिलकर ही काम करना होगा। गरीबों की आवाज बनें न्यायमूर्ति शेखर कुमार का भाषण अधिवक्ताओं के लिए सिर्फ एक उपदेश नहीं था, बल्कि एक भावुक आह्वान था। उन्होंने वकीलों को प्रेरित करते हुए कहा, अधिवक्ता सिर्फ कानून के जानकार ही नहीं होते, वे समाज के रक्षक भी होते हैं। जब आप गरीब और वंचित की मदद करेंगे, तो वह आपको अपना मसीहा समझेगा। उस व्यक्ति की आंखों में आप न्याय की किरण देखेंगे, और यही आपको संतोष और सच्ची खुशी देगा। फतेहगढ़ बार का यह प्रोग्राम वकीलों के लिए एक प्रेरणादायक क्षण था, जिसने उन्हें उनके पेशे के नैतिक और मानवीय पक्ष को समझने और गरीबों की सेवा में समर्पित होने के लिए प्रेरित किया।

# आईजी आरएस में फतेहगढ़ पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। फतेहगढ़ जनपद की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और पूरे पुलिस बल की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप जनपद फतेहगढ़ ने प्रदेश में



समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, आलोक सिंह के निर्देश और पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेंज, श्री जोगिंदर कुमार के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ की अगुवाई में आईजीआरएस के माध्यम से जनता की शिकायतों का निस्तारण प्रभावी रूप से किया गया। अप्रैल से सितंबर 2024 तक फतेहगढ़ जिले ने प्रदेश में लगातार पहला स्थान बनाए रखा, जिसमें चोरी, सड़क दुर्घटना, और अन्य प्रमुख शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। जनपद के 16 थानों में से खासकर कोतवाली फतेहगढ़, कायमगंज, और अमृतपुर में शिकायतों का तेजी से निपटारा किया गया। साथ ही साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, और अन्य अपराधों के मामलों में भी विशेष ध्यान दिया गया। इस सफलता का श्रेय फतेहगढ़ पुलिस के नेतृत्व और उनके अथक प्रयासों को जाता है, जिन्होंने कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है।

# पीथमपुर गरबा पंडालों में चलाया जा रहा है रात्रिकालीन जन - जागरूकता अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर नगर पालिका पीथमपुर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ल और स्वास्थ्य अधिकारी श्री बी एस महते के आदेशानुसार पीथमपुर नगर पालिका को देश में अव्वल अंक प्राप्त करने हेतु




सहयोगी संस्था अलाइड सॉल्यूशन के सर्विसेस के सदस्यों द्वारा निकाय क्षेत्र के समस्त दुर्गा माता मंदिर के पंडालों में आरती के उपरांत गरबा नृत्य के दौरान आम नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन, कचरे के चार प्रकार से प्रथककीकरण, अमानक प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग में प्रबंधन, घर में होने वाली होम कम्पोस्टिंग, माता पंडालों में होने वाले कार्यक्रमों को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में बनाना, सेप्टिक टैंक 3 साल में एक बार अवश्य खाली करवाना, निर्माण विध्वंस मलवा यहां वहां न फेक कर हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से निर्धारित वाहन में देने जैसी समस्त जानकारियों के बारे में नागरिकों को जागरूक किया गया। पंडाल में आए समस्त को पीथमपुर शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने हेतु शपथ दिलाई गई ।साथ ही स्वच्छ पीथमपुर, स्वस्थ पीथमपुर जैसे नारे लगाए गए ।गतिविधि के दौरान लगभग 630 नागरिकों की उपस्थिति रही अभियान में प्रीतम बुंदेला, लीला भावर, रवि परिहार, रितेश मालवी, अंकित चौहान के साथ सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। यह गतिविधि का अभियान निरंतर माता दुर्गा के पंडालों में चलाया जाएगा।

# पार्टी बंदी को लेकर गांव का मुखिया कर रहा विकास कार्य में ग्रामीणों से सौतेला व्यवहार

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/ राजेपुर। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भले ही केंद्र सरकार व राज्य सरकारों ने स्वच्छता के नाम पर कुबेर का खजाना भले ही खोल दिया हो लेकिन ओछी मानसिकता के चलते



गांव का मुखिया पार्टी बंदी को लेकर गांव के उस क्षेत्र में विकास कार्य नहीं करवा रहा जहां उसको वोट न मिलने की उम्मीद है आए दिन जिला स्तर से लेकर खंड विकास स्तर तक सरकार द्वारा गोष्ठियों को संचालित कर सरकार द्वारा चलाए जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराने के साथ पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधानों को सख्त निर्देश है की विकास कार्य की खुली बैठक कर प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करवाए स्वच्छता के नाम पर सांसद विधायक ग्राम प्रधान हाथ में झाड़ू पकड़ कर फोटो तो खिंचवा लेते लेकिन धरातल पर उसको अमल में लाने का कोई प्रयास नहीं किया जाता बांनगी के तौर पर विकासखंड राजेपुर के कस्बा राजेपुर राठौरी में ग्राम प्रधान ने भले ही अपने चहेतो के घरों से लेकर गली तक आंगन में भी इंटरलॉकिंग कार्य तक करवा दिया हो लेकिन पार्टी बंदी के चलते कस्बा राजेपुर बाजार से अलीगढ़ को जाने वाली गली दशकों से विकास के नाम पर उपेक्षा का शिकार है जिससे कि तालाब में इतना जल भराव हो जाता है कि ग्रामीणों का आवागमन में असुविधा के साथ मच्छर जनित रोगों के पनपने से हर समय ग्रामीण भयभीत रहते इसके लिए ग्रामीणों ने गांव के मुखिया से कई बार संपर्क किया परंतु जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते इस समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है

## फर्जी आधार कार्ड बनाकर जमीन को फर्जी तरीखे से बेचने वाले पकडे जाने पर गाली गलौज करने पर अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद ।पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आलोक प्रियदर्शी के मार्गदर्शन,अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार व क्षेत्राधिकारी कायमगंज जय सिंह के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर रामऔतार निवासी ग्राम रौकरी फर्रुखाबाद 2. गुलजारी पुत्र नगला थाना नया गांव जनपद कम्पिल से गिरफ्तार कर अग्रिम की जा रही है। अभियुक्तगण कार्ड बनवाकर वादी की जमीन तरीखे बेचने व पकडे जाने पर




में थाना कम्पिल पंजीकृत सतीश पुत्र थाना कम्पिल जनपद बाबूराम निवासी पट्टी एटा को थाना क्षेत्र वैधानिक कार्यवाही द्वारा फर्जी आधार को फर्जी व कुटरचित गाली गलौज व हाथापाई करने के सम्बन्ध में दिनांक 07.10.2024 को वादी विद्याराम पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम अकराबाद थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर सतीश पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम रोकरी थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद 2.गुलजारी पुत्र बाबूराम निवासी पट्टी नगला थाना नया गांव जनपद एटा पंजीकृत हुआ ।पूछताछ करने पर अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा बताया कि हम लोग जमीन देखकर व उसके स्वामित्व के बारे में पता करके उसी नाम से आधार कार्ड व फर्जी दस्तावेज बनवा लेते थे और जमीन बेचने हेतु डीलर से बातचीत करके सस्ते दामो में उक्त जमीन का बैनामा कर बेच देते थे ।दिनांक 07.10.2024 को भी हम ग्राम अकराबाद में विद्याराम की जमीन के सम्बन्ध में आधार कार्ड व फर्जी दस्तावेज बनवाकर जमीन दिखवा रहे थे कि जिसमें हम लोग मौके पर पकडे गये।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

## महाराणा प्रताप मार्ग पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य शुरू हुआ बुजुर्गो ने लगाई पहली ईट

क्यूँ न लिखूँ सच -शशिकांत शर्मा

उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में महाराणा प्रताप मार्ग पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया ,जिसमें ग्राम के बुजुर्ग ठाकुर अजय वर्मा एवं नत्थू




सिंह ने पहले ईट लगाकर रास्ते के निर्माण का शुभारंभ किया और मिठाई बाटी। इस दौरान ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुऐ बताया। कि हमारी ग्राम पंचायत में 54 रास्ते हैं। जिनका नामकरण किया गया ।प्रत्येक रास्ते का अपना नाम है और सभी रास्तों के किनारे नाली भी बनी है और एक-एक कर हम सभी रास्तों को इंटरलॉकिंग बनवा रहे हैं। अब तक 47 रास्ते इंटरलॉकिंग से बन कर कंप्लीट हो चुके हैं,अब केवल सात रास्ते बनने बाकी हैं ,जिनको जल्द से जल्द बनवाने का प्रयास ग्राम पंचायत कर रही है। लेकिन सभी 54 रास्तों की नाली का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत ने कंप्लीट कर लिया है। इसलिए पूरी ग्राम पंचायत में कहीं पर भी जल भराव या कीचड़ की समस्या नहीं है।

## लोकायुक्त ने आय से अधिक संपत्ति मामले में फर्रुखाबाद के डीएम के ओएसडी नीरज कुमार के खिलाफ जांच शुरू की

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

